Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding modernisation of air strips built in Gochar, Chamoli District in Garhwal Parliamentary Constituency, Uttarakhand.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । …(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से उड्डयन मंत्री एवं भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़वाल के चमोली जिले में गोचर स्थान पर बरसों-बरसों से …(व्यवधान) विमानन क्षेत्र का विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण करना अति आवश्यक है । …(व्यवधान) मान्यवर, यह क्षेत्र बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 58 पर स्थिति है । …(व्यवधान) यह क्षेत्र सैन्य एवं सामरिक दृष्टि से भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पर आईटीबीपी, एसएसबी और जीआरईएफ जैसी बॉर्डर फोर्स तैनात रहती हैं । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपने जो सवाल सदन में उठाया है, वह गंभीरता से उठ गया है । इस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा ।

…(व्यवधान)

श्री तीरथ सिंह रावत : मान्यवर, सन् 1948 तक तिब्बत और भारत का एक सामरिक और औद्योगिक मेला वहां चलता था । …(व्यवधान) वहां से कच्चे माल और यहां से पक्के माल का आदान-प्रदान चलता था । …(व्यवधान) मान्यवर, वहां मेला लगता था । …(व्यवधान) उसके बाद आज भी वहां कृषि एवं औद्योगिक मेला निरंतर वर्षों-वर्ष चलता है । …(व्यवधान) बद्रीनाथ, केदारनाथ, हेमकुण्ड साहब एवं फूलों की घाटी आदि क्षेत्र उससे जुड़ा हुआ है । उसका विस्तारीकरण और आधुनिकरण आवश्यक है । इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के उड्डयन मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वहां जल्दी से जल्दी हवाई सेवा शुरू हो, जिससे देश के पर्यटक और तीर्थाटनों को ही फायदा न हों, बल्कि वहां सैन्य बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण उनको सुविधा और आसानी

हो । सन् 2013 में केदारनाथ में जो भूकंप आया था, उसके बाद वहां सेना का जो विमान उतरा था, उसी के माध्यम से केदारनाथ में इस प्रकार की बड़ी-बड़ी मशीनें गईं, जिन्होंने आपदा को पूरी तरह से ठीक किया और लोगों को उससे राहत दिलाई थी । इसलिए उस विमान सेवा का होना जरूरी है एवं आधुनिकीकरण भी आवश्यक है । वहां हवाई सेवाएं शीघ्र शुरू हों, मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह है ।